>

Title: Need to cover the wail-listed applicants for BSNL broad-band internet services in Latur & Osmanabad districts of Maharashtra.

श्रीमती रूपाताई डी. पाटील (लातूर) : महोदय, बी एस एन एल द्वारा इंटरनेट के प्रसार हेतु दी जा रही ब्रॉड बैंड सेवा के उपभोग हेतु हमारे क्षेत्र के लातूर और उस्मानाबाद जिले में प्रतीक्षा सूची दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। इस मामले में बी एस एन एल के अधिकारियों के सामने प्रतीक्षा सूची समाप्त कर ब्रॉड बैंड सेवा का विस्तार करने का अनुरोध करने के बाद भी इसका विस्तार करने में कार्यवाही के अभाव के चलते उक्त दोनों जिलों के प्रतीक्षा सूची दर्ज ब्रॉड बैंड उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है।

आज के सूचना तकनीक के जमाने में ब्रॉड बैंड की अहमियत को देखते हुए इसका विस्तार कर प्रतीक्षा सूची में दर्ज सभी उपभोक्ताओं को इसका कनैक्शन जारी करना आवश्यक है। ज्ञात हो कि निजी क्षेत्र के इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा आसान शर्तों में इंटरनेट के कनैक्शन तत्काल प्रदान करा रहे हैं ऐसे समय बी एस एन एल के निजी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़ने की संभावना प्रबल हुई है।

इसे देखते हुए और स्थानीय लोगों की बढ़ती मांग के कारण बी एस एन एल द्वारा इन जिलों में ब्रॉड बैंड का विस्तार करने और प्रतीक्षा सूची में दर्ज सभी उपभोक्ताओं को ब्रॉड बैंड के कनैक्शन उपलब्ध कराने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग करती हूं। सरकार द्वारा इसका संज्ञान लेकर प्राथमिकता से कार्यवाही की जानी चाहिए।